नगर निगम क्षेत्र के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदा पारा, आदर्श पारा, संतोषी पारा, बैकुण्ठधाम क्षेत्र का आयुक्त रोहित व्यास ने किया भ्रमण।

भिलाई नगर / नगर निगम क्षेत्र के वृन्दानगर , जे.पी.नगर, शारदा पारा, आदर्श पारा, संतोषी पारा, बैकुण्ठधाम क्षेत्र का आयुक्त रोहित व्यास ने भ्रमण किया अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिए और अस्पताल प्रबंधन को स्वच्छता तथा दवाई के संबंध मेंआव निर्देश दिये।आयुक्त श्री व्यास शासकीय अस्पताल सुपेला में इलाज हेतु भर्ती मरीजों से मिल कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली अस्पताल का भ्रमण कर स्वच्छ पानी की व्यवस्था करने अस्पताल को स्वच्छ रखने तथा दवाई की पर्याप्त मात्रा रखने के निर्देश दिये है, उन्होने बी.एम.शाह अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैकुण्ठधाम पहुॅच कर भी मरीजों से मिले श्री व्यास ने मरीजो से तथा आम नागरिकों से अपील किये है, कि पानी को उबाल कर पश्चात ठंडा कर पीये तथा गरम व ताजा भोजन ग्रहण करे। उल्टी या दस्त होने पर डाक्टर से परामर्श लेकर दवा लेवे। आयुक्त श्री व्यास ने प्रभावित सभी बस्ती में पेयजल आपूर्ति टेंकर से करने तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई गई पाईप लाईन की जॉच कर क्षतिग्रस्त पाईप को बदलने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये है। उन्होने पानी टंकी की सफाई करवाने के निर्देश भी जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता जल कार्य को दिये है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस्तीयों के नाली की सफाई के साथ क्लोरिन टेबलेट का वितरण घर-घर दस्तक देकर प्रभावित परिवार की पहचान कर दवा का वितरण किया जा रहा है। चलित मेडिकल यूनिट की तीन गाडियों से े प्रभावित बस्तीयों में लगा कर ईलाज किया जा रहा है तथा प्रति दिन प्रत्येक जोन से 20-20 स्थलों से पानी की सेंपल लेकर जॉच हेतु भेजा जा रहा है।